माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांकः 231 / प्रशा0 / MSU / 2025–26 दिनांकः 09/05 / 2025

कार्यालय–ज्ञाप

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि ऐसे विषय / पाठ्यक्रम जिनकी संचालन की अनुमति नियामक संस्था द्वारा प्रदान की जाती हैं तथा ऐसे पाठ्यक्रमों में शिक्षकों की नियुक्ति की अर्हता भी सम्बन्धित नियामक संस्था द्वारा निर्धारित हैं तथा इन पाठ्यक्रमों / विषयों में शासन / विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कोई अर्हता निर्धारित नहीं है। ऐसे पाठ्यक्रमों में शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में कार्यपरिषद की बैठक दिनांकः– 08.05.2025 के प्रस्ताव संख्याः 06.01 के अन्तर्गत निम्नवत् निश्चय किया गयाः–

"ऐसे पाठ्यक्रम जो नियामक संस्थाओं से अनुमति उपरान्त ही संचालित होते हैं, उन पाठ्यक्रमों में सम्बन्धित नियामक संस्था द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यता के अनुसार ही शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जायें।"

कार्यपरिषद द्वारा किये गये उक्त निश्चय के आलोक में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता हैं कि शिक्षकों की अर्हता के सम्बन्ध में सम्बन्धित नियामक संस्था द्वारा निर्धारित अर्हता (जिनमें शासन / विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शैक्षिक अर्हता निर्धारित नहीं की गयी हैं) के अनुसार शिक्षकों की चयन प्रक्रिया सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। नियामक संस्था द्वारा शैक्षिक अर्हता में किसी प्रकार का परिवर्तन अधिसूचना निर्गत किये जाने की तिथि से स्वतः प्रभावी होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
02. उपकुलसचिव।
03. सहा0 कुलसचिव।
04. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
05. गार्ड फाईल।

कुलसचिव